# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 ........... / 2023**

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक / इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के लिए उत्प्रेषण (Sent up) परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की उनके शिक्षण संस्थान में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति (Attendance) की अनिवार्यता के संबंध में।**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, शिक्षक, छात्र / छात्रा, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०), सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक / इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के लिए उत्प्रेषण (Sent up) परीक्षा में वही छात्र / छात्रा सम्मिलित होंगे, जिनकी उपस्थिति उनके शिक्षण संस्थानों में न्यूनतम 75 प्रतिशत हो।

2. तदनुसार माध्यमिक / इन्टरमीडिएट स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्रा, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, को माध्यमिक / इन्टरमीडिएट उत्प्रेषण (Sent up) परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. कंडिका 2 में अंकित आदेश का दृढ़तापूर्वक पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

5/10/23

**सचिव,**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक–BSEB(SS)/KEN/ ...1094......... / 2023, दिनांक : 05.... / 10..... / 2023